तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 22.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार, 7 अप्रैल 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



14 लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा आई.टी...





14 माता कर्मा सभी समाज के लिए है पूज्यनीय




## लोकसभा चुनाव : चिन्हांकित गांवों में घर-घर जाकर बताया जा रहा मतदान का महत्व

# नवागढ़ विधानसभा के 38 गांवों में 70 फीसदी से कम मतदान, जागरुकता बढ़ाने में जुटा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा के दिशानिर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के लिए ज़िले के विभिन्न क्षेत्रों में प्रशासनिक स्तर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत ज़िला अंतर्गत नवागढ़ विधानसभा क्रमांक-70 के तकरीबन 38 गाँवों में आम लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने जिला व विकासखण्ड स्तर पर अधिकारियों की टीम जुट गई है। इन चिन्हांकित गाँवों में सरकारी अफसर की टीम घर-घर पहुँचकर सजगता बढ़ाने की दिशा में अनूठी पहल कर रही है। इसके लिए विभिन्न माध्यमों का सहारा भी लिया जा रहा है। बताया जा रहा है कि इन इलाकों में विगत विधानसभा व अन्य चुनावों में 70 प्रतिशत से कम वोटिंग हुई थी। इसलिए इन गांवों में मतदान के कम आंकड़े को देखते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी के ▶▶|शेष पेज 13 पर

### इन गांवों में कम मतदान

दरअसल ज़िला के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-70 में विगत चुनावों के दरम्यान लगभग 38 गाँव ऐसे थे, जिनमें 70 प्रतिशत से कम मतदान हुआ था। इनमें नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के मुख्यालय नवागढ़ व नगर मारो एवं गाँवों में चक्रवाय, झूलना, मुरकुटा, मुर्रा, घुड़सेना, मोहलाइन, मुड़पार, घोघरा, जेवरा, गोपालभैना, धौराभाठाकला, भैसाबोड, एरमशाही, मानपुर, दर्री व झाल के मत प्रतिशत शामिल हैं। इस चिंताजनक आंकड़े को देखते हुए जिला व ब्लॉक स्तर अफसरों द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव में आकड़े बढाने की दिशा में कार्य शुरू किया गया है। इसी के मद्देनजर इन गाँवों के अंदर घर-घर जाकर आम जनों को चुनाव में वोटिंग का महत्व समझाया जा रहा है एवं लोगों को इस चुनावी पर्व पूरी भागीदारी दिखाने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है।

### अफसरों से लेकर आंबा कार्यकर्ताओं ने भी झोंकी ताकत



इस संबंध में नवागढ़ एसडीएम मुकेश कुमार गोड़ ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों में प्रशासन पूरी तरह जुटा हुआ है। इस बीच उच्च व जिला प्रशासन के दिशानिर्देश पर नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में इस विशेष अभियान को चलाया जा रहा है। अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न अनुविभाग स्तर के अफसरों से लेकर जनपद पंचायत, स्वास्थ्य, शिक्षा, नगर पंचायत, महिला व बाल विकास विभाग के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम पंचायत स्तर के सचिव-रोजगार सहायक तक कर्मचारियों उपस्थिति व भूमिका देखने को मिल रही है।

### मां बंजारी धाम बरगा में तेरस मेला आज

**बेमेतरा।** थानखम्हरिया से 10 किमी दूर स्थित मां बंजारी धाम बरगा में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी तेरस मेला का आयोजन ▶▶|शेष पेज 13 पर






# मोहभट्ठा में हादसे को आमंत्रण दे रहा ट्रांसफार्मर का तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विद्युत कनिष्क यंत्री देवरबीजा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मोहभट्ठा में बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही देखने को मिल रही है। जहाँ मोहभट्ठा में तिगड्डे के एक ओर विभाग के कर्मचारियों द्वारा बिजली के हाई वोल्टेज करन्ट (अति धारा) के तार को जमीन से काफी नीचे में खुले रूप में जोड़ दिया गया है, जो बड़े हादसे को खुला आमन्त्रण दे रहा है। जबकि उक्त स्थल पर गलियारा होने से रोजाना गाय व भैंसें यहां से गुजरती हैं, जो किसी दिन बड़े दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। इस सम्बंध में स्थानीय ग्रामीणों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए विद्युत विभाग को तत्काल उक्त हाई वोल्टेज तार को ऊपर अथवा दिशा बदलने की माँग की है। बताया जा रहा है कि यह तार कई महीनों पूर्व विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा लापरवाहीपूर्वक ट्रांसफार्मर से जोड़ा गया है, जो गलियारे के सड़क से काफी लगा हुआ है एवं नीचे की ओर झुका हुआ है लिहाजा आलम यह है कि रोजाना उस गलियारे से आवागमन कर रहे किसानों के पशुओं के सींग उसमे फंसने के कारण हाईवोल्टेज करन्ट के चपेट में आ सकते है जो काफी गम्भीर है एवं भूल वश इंसानो के लिए खतरनाक हो सकता है किंतु इसके बावजूद बिजली विभाग इस सम्भावित अनहोनी से अनजान ▶▶|शेष पेज 13 पर

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जांची गई लोगों की सेहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ जिला न्यायालय एवं वृद्धाश्रम में किया गया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर एवं अध्यक्ष, जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री के मार्गदर्शन पर विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन प्राथमिक चिकित्सा क्लीनिक जिला एवं सत्र न्यायालय बेमेतरा परिसर में किया गया। उक्त शिविर में समस्त न्यायाधीशगण अध्यक्ष, जिला न्यायाधीश वृजेन्द्र कुमार शास्त्री, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय नीलिमा सिंह बघेल, प्रथम अति. जिला एवं सत्र न्यायाधीश दावेन्द्र कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उमेश कुमार उपाध्याय, तनु श्री गवेल द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश प्रथम श्रेणी, जसविंदर कौर अजमानी मलिक व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 01, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा, अनीता कोशिमा रावटे प्रथम व्यवहार न्यायाधीश द्वितीय श्रेणी, मोहम्मद जहाँगीर तिगाला तृतीय न्यायाधीश प्रथम श्रेणी एवं डॉ. अभियोदय अग्रवाल, स्टॉफ नर्स दीपांजली डेनियल की उपस्थिति पर स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। उक्त शिविर पर जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री ने बताया कि मानव जीवन में स्वास्थ्य का ध्यान रखना ▶▶|शेष पेज 13 पर




# मां शक्ति की भक्ति का पर्व नवरात्रि 9 से, तैयारियां जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

माता शक्ति की भक्ति का पर्व चैत्र नवरात्रि मंगलवार से शुरू होने जा रहा है। बेमेतरा जिले के विभिन्न गांवों सहित जिला मुख्यालय में स्थित देवी मंदिरों में मंगलवार को विभिन्न शुभ मुहूर्त पर मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की जाएगी इसके साथ ही विभिन्न श्रद्धालुओं द्वारा अपने घरों में जोत जंवारा भी स्थापित किए जाएंगे। इसे लेकर बीते दिनों से विभिन्न देवी मंदिरों समितियों सहित विभिन्न श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना को लेकर मंदिरों में साफ-सफाई रंग रोगन की शुरुआत कर दी गई है। इसके अतिरिक्त जहां पर मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की जाएगी, उस स्थान की विशेष रूप से साफ सफाई की जा रही है, ताकि नौ दिवसीय नवरात्रि पर्व में ज्योति कलश में कोई परेशानी न हो। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक और इलेक्ट्रिक सामानों को आकर्षक ढंग से सजाने की भी तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। वहीं, नवरात्रि पर्व को लेकर विभिन्न देवी मंदिरों में घृत एवं तेल मनोकामना ज्योति कलश के लिए सहयोग राशि भी निर्धारित की गई है। जो सोमवार की देर तक मंदिर परिसर में लिए जाएंगे। बेमेतरा जिले के प्रमुख मंदिरों में से मां महामाया ,माता भद्रकाली शीतला माता ,सिद्धि माता बमलेश्वरी ,मां कालिका माता ,काली माता ,दुर्गा माता गायत्री मंदिर सहित विभिन्न आदिशक्ति के मंदिरों में नवरात्रि पर्व को लेकर संस्था के सदस्यों द्वारा बैठक भी की जा चुकी है। बैठक में नवरात्रि पर्व पर कार्यक्रम करने के संबंध में चर्चा की गई। उल्लेखनीय है कि यह पर्व 9 दिन का है होता है जिसमें माता के नौ रूपों की पूजा अर्चना की जाती है।

## मंदिरों के साथ ही अनेक घरों में भी की जाएगी ज्योति-जंवारा की स्थापना



### मंदिरों के साथ ही कई घरों में भी स्थापित किए जाएंगे ज्योति-जंवारा

नवरात्रि के अवसर पर देवी मंदिरों के अतिरिक्त विभिन्न गांवों में कई श्रद्धालुओं द्वारा अपने घरों में भी मनोकामना ज्योति कलश सहित जोत जंवारा की स्थापना की जाएगी। इसे लेकर गांव में विशेष रूप से उत्साह बना हुआ है। कई लोग इसकी तैयारी भी व्यापक ढंग से कर चुके हैं और अपने परिजनों को जोत जंवारा मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना के दर्शन के लिए आमंत्रित भी कर चुके हैं। इस अवसर पर माता आदि शक्ति के विभिन्न रूपों की पूजा-अर्चना के साथ सेवा भी की जाती है। इसके लिए आयोजकों द्वारा विभिन्न जस सेवा मंडलियों को आमंत्रित किया गया है।



## खबर संक्षेप



### नगर देवांगन समाज के अध्यक्ष बनाए गए युगल

**बेमेतरा।** नगर देवांगन समाज अध्यक्ष की जिम्मेदारी समाज के युवा युगल देवांगन सर्वसम्मति समाज प्रमुखों ने सौंपी। वहीं अन्य पदाधिकारियों का भी मनोयन भी किया गया। नगर देवांगन समाज का कार्यकाल पूर्ण हो जाने के पश्चात बीते दिनों नगर देवांगन की बैठक समाज प्रमुख बलदाऊ देवांगन की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें सर्वसम्मति निर्णय लेते हुए नगर देवांगन समाज अध्यक्ष युगल देवांगन जहां मनोनीत किया गया वही सचिव भागबली देवांगन, उपाध्यक्ष तरुण देवांगन ,संरक्षक बलदाऊ देवांगन, एवं दिलीप देवांगन, सलाहकार राम प्रकाश देवांगन राजेंद्र देवांगन ओर स्वर्गीय रामाधार देवांगन के सुपुत्र भगत देवांगन को मंदिर समिति का उपाध्यक्ष का बनाया गया।
समाज की बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष राजू देवांगन ब्लॉक अध्यक्ष बालहरि देवांगन, घनश्याम देवांगन , पुर्व मिडिया प्रभारी पप्पू देवांगन, पूर्व उपाध्यक्ष छन्नू देवांगन ,डॉ नरेंद्र देवांगन, मुरली देवांगन,राजेंद्र देवांगन ,लखन देवांगन सहित देवांगन समाज के वरिष्ठ एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

### नवोदय विद्यालय के लिए रागिनी का चयन

**बेनेयरा/दाढ़ी।** नगर पंचायत मुख्यालय से महज 8 किलोमीटर के समीप में संचालित क्षेत्र का एक मात्र सी बी एस ई स्कूल व जिले का एक मात्र डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता की कक्षा आठवीं की छात्रा



रागिनी चन्द्राकार पिता अजय चन्द्राकार का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा 9वीं के लिए हुआ है। विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि डीएवी मुख्यमंत्री स्कूल की होनहार छात्रा रागिनी चंद्राकर का चयन नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए हुआ है। पूर्व में भी नवोदय विद्यालय के लिए इस स्कूल के छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 14 छात्र-छात्राओं ने नासा ओलंपियाड परीक्षा में गोल्ड मैडल हासिल किया है, इन्हें रैंक के आधार पर नासा व इसरो जाने का मौका भी मिलेगा।

### पीठासीन एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 1 का प्रशिक्षण 9 व 10 को

**बेमेतरा।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी कमांक-01 का चुनाव प्रशिक्षण 9 एवं 10 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से जिला मुख्यालय में स्थित शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बेमेतरा एवं शासकीय शिवलाल राठी उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बेमेतरा में रखा गया है। प्रशिक्षण आदेश विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से संबंधित कर्मचारियों को तामिल कराया जा चुका है। मतदान अधिकारियों को डाक मतपत्र एवं निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र हेतु फार्म 12 एवं फार्म 12 (क) प्रशिक्षण दिवस को वितरित किया जायेगा, जिसे भरकर प्रशिक्षण दिवस को अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण आदेश की फोटो कापी, वोटर आईडी की फोटो कापी, मतदाता सूची का अद्यतन भाग क्रमांक एवं सरल क्रमांक साथ लाने के निर्देश दिये गये है। मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण दिवस को निर्धारित प्रशिक्षण स्थल में निर्धारित समय पर उपस्थित होने हेतु निर्देश दिये गये है।

## आयोजन : चंदेल ने भाजपा का किया ध्वजारोहण

# भाजपा बेरला मंडल ने मनाया स्थापना दिवस, वरिष्ठों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेरला

भाजपा बेरला मण्डल के द्वारा भारतीय जनता पार्टी का 44वां स्थापना दिवस नगर बेरला के सिन्हा धर्मशाला में मनाया गया। जिसमें विशेष रूप से मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा प्रदेश मंत्री अवधेश चंदेल उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। श्री चंदेल ने इस अवसर पर भाजपा का ध्वजारोहण किया। भाजपा के वरिष्ठों का भाजपा गमछा व श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में पीएम मोदी के 400 पार के मंत्र को साकार करने में सबसे जिम्मेदारी निभाने कहा गया। श्री चंदेल ने कहा कि हम ऐसी पार्टी के सदस्य है जिसने हर वर्ग के सुख समृद्धि की, कल्याण की कल्पना कर एजेंडा लेकर काम किया है। श्री चंदेल ने पार्टी के गठन से लेकर वर्तमान तक की बातों को संक्षेप में साझा किया। उन्होंने 1951 में जनसंघ के निर्माण, वर्ष 1975-1977 तक आपातकाल तथा आपातकाल में जनसंघ के देशहित संबंधी कार्यों का वर्णन किया। श्री चंदेल ने कहा कि 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी का स्थापना हुआ। जिसके प्रथम अध्यक्ष पूर्वप्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी थे।




जिन वरिष्ठों का सम्मान हुआ उसमेः- डॉ एन के तिवारी-दारगांव, उत्तम देवांगन,विष्णु देवांगन, तोरण पाल, देवरबीजा,भुखन साहू, कृपा राम पाटिल, सीताराम,खेमू साहू,चतुर साहू, उभेराम साहू स्थापना दिवस कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष बलराम पटेल, महामंत्री गोकरण साहू, उपाध्यक्ष किसुन साहू, बलराम यादव, संजीव तिवारी, सन्तोष साहू, मानक चतुर्वेदी, किशुन साहू, रोहित माहेश्वरी, सन्तोष साहू, लक्ष्मीलता वर्मा, आशीष सोनी, मनोज मनहर, थानेश्वर साहू, दीक्षांत साहू, प्रह्लाद वर्मा, राजू जायसवाल, युगल पाटिल, यतीश द्विवेदीलेखराम साहू, जित्तू जैन, कन्हैया सेन, विशाल डेशलहरे, नितेश सोनी, प्रमोद साहू, हितेश्वर निर्मलकर, प्रदोष यादव, हीरालाल सोनी, नारायण पटेल, सिमपु परगनिहां, लीलाराम साहू, लालू साहू, हेमलाल देवांगन आदि उपस्थित थे।

# माता कर्मा सभी समाज के लिए है पूज्यनीय



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

नगर इकाई साहू समाज के नेतृत्व में भक्त माता कर्मा जयंती का आयोजन कर्मा मंदिर में किया गया।सर्वप्रथम भक्त माता कर्मा की आरती कर अतिथियों ने कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक दीपेश साहू शामिल हुए। उनके साथ साहू समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर नन्हे-नन्हे बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया।

भक्त माता कर्मा जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने कहा कि भक्त माता कर्मा केवल साहू समाज के लिए ही नहीं अपितु सर्व समाज के लिए पूजनीय हैं। उन्होंने अपने त्याग, तपस्या मानव जीवन से एक आदर्श स्थापित किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि हमें भक्त कर्मा माता की जीवन के बारे में बताते हैं उनके आदर्शों, सिद्धांतों को अपने आदर्श विवाह को अपनाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने माता-पिता की सेवा तथा बुजुर्गों के प्रति आदर व सम्मान करने, नारी व बेटियों की सुरक्षा व सम्मान करने को कहा। इसके अलावा कर्मा जयंती के अवसर पर समाज को एकता संगठन व मजबूती करने ,रूढ़िवादी दहेज प्रथा ,भ्रूण हत्या,नशा पर रोक लगाने को कहा। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य अतिथियों एवं साहू समाज के पदाधिकारियों ने भक्त माता कर्मा जयंती के अवसर पर उनके जीवन एवं आदर्श सिद्धांतों के संबंध में चर्चा करते हुए उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने की बात कही। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगतराम साहू,परमेश्वर साहू,सही नगर इकाई के समस्त पदाधिकारी एवं सामाजिक जन उपस्थित रहे।

# डौंडी मंडल में मना भाजपा का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा

भारतीय जनता पार्टी डौण्डी मंडल में स्थापना दिवस के अवसर पर समस्त शक्ति केंद्र के प्रभारी, संयोजक, सहसंयोजक, मंडल में निवासरत प्रदेश व जिले के पदाधिकारियों ने मिलकर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना कर स्थापना दिवस मनाया। मंडल अध्यक्ष मनीष झा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रनिर्माण को समर्पित संकल्प की अभिव्यक्ति के 44 वर्ष, भारत की चेतना जगाने के लिए संकल्पित भाजपा के स्थापना दिवस पर पार्टी के संस्थापकों और नायकों को नमन और समस्त देवतुल्य कार्यकर्ताओं को अपनी बधाई दी। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर महत्वपूर्ण बैठक भी हुई। कार्यक्रम में महत्वपूर्ण रुप से विधानसभा संयोजक राजेश दशोड़े, डौण्डी मंडल के प्रभारी सुरेश जायसवाल, मंडल अध्यक्ष मनीष झा, नगर पंचायत अध्यक्ष सोमेश सोरी, मंडल महामंत्री अजय चौहान, टिकेन्द्र साहू, मंडल उपाध्यक्ष हितेश साहू, हिन्सा राम साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अब्दुल इब्राहिम, रुपेश नायक, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामकिशन सोरी, भरत भाई पटेल , राधिका भरद्वाज, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती रजनी जायसवाल, पार्षद श्रीमती रेखा चौहान, मातरमदास कोसरे, मीतेंन्द्र वैष्णव, शशी निषाद, पवन साहू, आशीष अग्रवाल एवं समस्त शक्ति केंद्र के प्रभारी संयोजक सहसंयोजक उपस्थित थे।



# लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा आई.टी. सेल के पदाधिकारियों की हुई कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

भाजपा के लोकसभा चुनाव कार्यालय में नवागढ़ और बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के आई.टी.सेल पदाधिकारियों की संयुक्त कार्यशाला हुई। उक्त बैठक में आईटी सेल के संभाग प्रभारी प्रमोद सिंह, संभाग सहप्रभारी राकेश साहू, लोकसभा आईटी सेल सहप्रभारी तरुण परगनिहा, हर्षवर्धन तिवारी, सोशल मीडिया प्रभारी संजीव तिवारी ने आईटीसेल के उपस्थिति पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के बीच अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सोशल मीडिया के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी एवं केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आव्हान किया। भाजपा के 400 पार लक्ष्य पूरा हो इस पर अपना योगदान दे। इस दौरान यह भी कहा गया कि आज देश में आधी आबादी और खास तौर पर युवा पीढ़ी सोशल मीडिया से जुड़ी हुई है। भाजपा आईटी सेल प्रत्येक व्यक्ति तक केंद्र सरकार की योजनाओं को लेकर जाएं ताकि 10 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों की हो सके। कार्यशाला के अंत में जिला संयोजक सौरभ मिश्रा ने आभार प्रकट करते हुए कहा सोशल मीडिया और आईटी टीम से आगामी लोकसभा चुनाव के लिए तैयार है और जिले के हर वर्ग में सोशल मीडिया के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी की योजनाओं को लेकर जाएंगी।

कार्यशाला में जिला संयोजक आईटी सेल सौरभ मिश्रा, नवागढ़ विधानसभा प्रभारी अंकुश तिवारी बेमेतरा विधानसभा के मीडिया प्रभारी विकास तम्बोली सहित आईटी सेल एवं सोशल मीडिया के जिला एवं विधानसभा एवं मंडल के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# राजमिस्त्री संघ के अध्यक्ष चुने गए हलधर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा

राज मिस्त्री कल्याण संघ शाखा दुधली (मालीघोरी) पंजीयन क्रमांक 485 की बैठक कुकुर देव शिव मन्दिर प्रांगण में हुई। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया। अध्यक्ष हलधर देशमुख दुधली को बनाया गया। इसी तरह उपाध्यक्ष सोमन ठाकुर बनगांव, कोषाध्यक्ष संतोष साहू खपरी, सचिव, जगराम साहू कुम्हलोरी, सहसचिव अनिल रावटे कोबा महासचिव महर्षि पटेल कोरगुडा, सलाहकार देवानन्द देवांगन, दिलीप बंदे, रामसाय ठाकुर, हेमसिंह ठाकुर, संरक्षक बालेन्द्र ठाकुर, भीखम यादव, हरभजन ठाकुर, रोशन भंडारी, तुलाराम निषाद, केदार देशमुख, रघुनाथ पिस्दा, नेमसिंह ठाकुर, उत्तम ठाकुर, जीवन देशमुख, वासु खपरी, लवकुश, डोमेन यादव, धनवाराम, रिखी राम, उमेश ठाकुर, योगराज, जितेन्द्र ठाकुर, खोलू ठाकुर, सीता राम, सेवक साहू, बिरेन्द्र साहू, मिलु राम साहू, घनाराम, ढाल ठाकुर, अनिल ठाकुर, दुर्गा मानकर, दुष्यंत निर्मलकर, मोहन, निरंजन साहू, खगेस ठाकुर, धनेश धनकर, हिरदे राम तारम, कमलेश देशमुख, योगेश पटेल उपस्थित थे।




### भाजपा ने मनाया स्थापना दिवस

**गुरूर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा नगर में पार्टी स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भारत माता, पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में पूर्व जिला उपाध्यक्ष यादव राम साहू, पार्षद चिंता राम साहू, अनसुईया ध्रुव, ताम्रध्वज सिंह, शोभित साहू, मधुसूदन सोनवानी, जितेश्वरी निषाद उपस्थित थे।

### देवरी-ख में आज मनाई जाएगी मां कर्मा जयंती

**अंडा।** ग्राम-देवरी (ख) में तहसील, परिक्षेत्र एवं ग्रामीण साहू समाज के संयुक्त तत्वावधान में भक्त माता कर्मा जयंती महोत्सव आज रविवार 7 अप्रैल को मनाया जाएगा। प्रातः 9 बजे से कलश, शोभायात्रा पूर्वान्ह 11 से दोपहर 1:30 बजे तक आरती, पूजन, स्थानीय अतिथियों का स्वागत अतिथियों द्वारा उद्बोधन, दीप प्रज्जवलन एवं महाआरती होगी। इसके बाद लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति मयारु-दावना होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चुन्नीलाल साहू सांसद महासमुन्द, अध्यक्षता सोमनलाल साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ, विशेष अतिथि ओंकार साहू विधायक धमतरी, रमशीला साहू पूर्व मंत्री, डॉ. दयाराम साहू पूर्व विधायक, वीरेन्द्र कुमार साहू पूर्व विधायक,पवन कुमार साहू, महंत चन्द्रशेखर दास, धिराज राम साहू, लेखराम, सनद-बंटी साहू, लखनलाल साहू, चन्द्रकांत साहू,अंजनी साहू संयोजिका महिला प्रकोष्ठ, सुचित्रा-हेमन्त साहू अध्यक्ष, जनपद पंचायत गुण्डरदेही, चन्द्रकुमारी-घनाराम साहू, खिलेन्द्र साहू सरपंच ग्राम पंचायत देवरी-ख व ग्रामीणजन उपस्थित रहेंगे।



पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

